# सफ़ाईनामा

अंक 4 | मार्च 2012 | सफ़ाई सेना का प्रकाशन

कबाड़ियों की आवाज

## गाजीपुर डेरी फार्म झुग्गी बस्ती में लगी भीषण आग

दिल्ली के गाजीपुर डेरी फार्म स्थित बसी झुग्गी बस्ती में दिनांक 31.01.12 दिन मंगलवार सुबह करीब 2:30 बजे भीषण आग लग गई। इसमें करीब 200 झुग्गिया पूरी तरह से नष्ट हो गई। आग की चपेट में आकर 2 लोग मामूली रूप से झुलस गये, जिन्हे उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। कासिम जी ने बताया कि रात को जब सभी लोग सो रहे थे तभी आग लगने की खबर से वहाँ बस्ती में रह रहे लोगो के बीच अफरा तफरी मच गई, जिसके बाद पुलिस कन्ट्रोल रूम को सूचना दी गई। सूचना के करीब एक घंटे के बाद फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की 8 गाड़िया मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद आग को बुझाया जा सका।

सफाई सेना, गाजीपुर



## मिला अपनो का सहारा

गाजीपुर झुग्गी में आग लगने के कारण जहाँ लोगो ने अपने सारे सामान खो दिये वही भाई चारे की मिसाल देखने को मिली। प्रशासन की तरफ से कोई उम्मीद ना देखते हुए गाजीपुर के लोगो ने समस्याओं को ध्यान देते हुये एक दूसरे की मदद की! यहाँ सफाई सेना ने पूरी तरह अपने आप को उनके बीच रखा तथा गाजीपुर, सीमापुरी, भोपुरा, पिंलजी व सिंहानी गाँव से आये सफाई सेना सदस्यो ने मौजूदा समय में आपसी सहयोग से लोगो की यथा संभव मदद की।

सफाई सेना, गाजीपुर





## सफाई सेना व चिंतन ने बांटे कंबल व रसोई के सामान

गाजीपुर डेरी फार्म की झुग्गी मे आग लगने से खो चुके अपने सारे समान के कारण लोगो को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था! वही सफाई सेना व चिंतन की मदद से गाजीपुर के लोगो की सहायता के रूप में अपना योगदान देते हुये जरुरत के समान बांटे जिसमे सफाई सेना व गाजीपुर के सफाई सेना सदस्यो द्वारा इस कार्य को शांति पूर्वक संपन कराया गया, सफाई सेना ने यहाँ, रसोई के सामान, कपड़े व कंबल बांटे।

अजीज भाई, सचिव भोपुरा




## हमें अपना अधिकार चाहिये

गाजीपुर डेरी फार्म की झुग्गी मे आग लगने के कारण वहाँ के रहने वाले लोगो के जरूरी कागजात जल गये जिसमें पहचान पत्र, राशन कार्ड आदि प्रमुख हैं। जिसकी सूचना गाजीपुर पुलिस थाने में दर्ज भी की गई। लेकिन गाजीपुर के लोगो द्वारा किये गये प्रयास के बाद भी उनके कागजात नही बन पा रहे हैं। हम प्रशासन से अपील करते हैं की इस पर जरूरी कार्रवाई की जाये ताकि वहाँ के रहने वालो को कुछ आसरा मिल सके।

सफाई सेना, गाजीपुर

## सफाई सेना द्वारा किया गया होली मिलन का आयोजन

सफाई सेना द्वारा होली के एक दिन पहले भाईचारा की मिसाल नजर आई जब एक मंच पर सभी सफाई सेना के सदस्य एकत्रित हुए। जहाँ पूरा भारत होली के रंगो की तैयारी कर रहा था वही त्रिलोकपुरी के 19, 20 ब्लॉक के चौक पर होली मिलन की तैयारी की गई जहाँ सभी वर्ग के लोग आये एक दूसरे को रंगो से रंगा और एक दूसरे को शुभकामनाएँ दी। यहाँ पर सफाई सेना की तरफ से जयप्रकाश चौधरी उर्फ संतू जी को मयूर विहार (त्रिलोकपुरी) वार्ड नंबर 211 से निगम पार्षद के चुनाव के लिए उम्मीदवार बनाया गया।



## सम्मान को तरसते आम कबाड़ी भाई

अपने किये गये कार्य से सरकार, मानवता तथा पर्यावरण को लगातार बचाने के प्रयास के बावजूद भी आज एक कूड़ा चुनने व सफाई के कार्य करने वाले कबाड़ी को एक नीचे नजरिये से देखा जा रहा हैं जिसका जीता जागता सबूत पिछले दिनो में देखा गया।

भोपुरा स्थित पवित्रौ नाम के कबाड़ी भाई का कहना हैं कि मैं पिछले छः साल से कृष्णा नगर, शाहदरा, लाल कोठी के इलाके में सफाई का कार्य नियमित रुप से कर रहा हूँ। मेरे साथ करीब 100 कबाड़ी भाई अलग-अलग जगहों में सफाई का कार्य कर रहे हैं। हम सभी सफाई सेना के नियमित सदस्य हैं तथा हमारे पास अपना पहचान पत्र तथा सफाई सेना का भी पहचान पत्र जो कि नगर निगम द्वारा प्रमाणित है। इसके बावजूद भी अगर कहीं कुछ भी वारदात होती हैं तो हमें पूछताछ के बहाने पुलिस द्वारा परेशान किया जाता है तथा पुलिस थाने में ले जाकर बैठा दिया जाता हैं। यह पिछले दो सप्ताह से लगातार हो रहा हैं। अगर हम अपना पहचान पत्र दिखाते भी हैं तो उसे भी दरकिनार कर दिया जाता हैं। पुलिस थाने में पूरे दिन पूछताछ के बाद भी हमारे रिक्शे को जब्त कर लिया जाता हैं चाहे हमारी गलती हो या नही। इस वजह से हमें बिना रिक्शे के कार्य करने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। हमने इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की लेकिन इसका कोई निष्कर्ष नही निकल पा रहा हैं। आज भी हम उस सम्मान को तरसते हैं जिसके लिए हम लड़ते आये हैं। आज भी हमें नियमित व कानूनी रुप से कार्य करने के बावजूद भी उन्हीं कठनाईयों का सामना करना पड़ रहा है।

पवित्रौ, सफाई सेना, भोपुरा



## समय की राह में सफाई सेना

सफाई सेना द्वारा एक नये अध्याय की शुरूआत हो चुकी है। यह कहते हुए बड़ी ही खुशी हो रही है कि भारतीय राजनीति में सफाई सेना द्वारा एक नया अध्याय जुड़ गया हैं जिसमें सफाई सेना द्वारा अपने उम्मीदवार जयप्रकाश चौधरी उर्फ संतू जी (सफाई सेना सचिव) के रुप में मयूर विहार (त्रिलोकपुरी) वार्ड नंबर 211 से मजबूत उम्मीदवारी प्रस्तूत कर रहे हैं। पूरे सफाई सेना सदस्य व कबाड़ी भाईयों की आवाज को आगे रखने में इससे काफी मदद मिलेगी। हमारे व पूरे सफाई सेना सदस्यो की तरफ से आपको हार्दिक शुभकामनाएँ, आप जीते तथा सफाई सेना के नाम को और ऊँचा करें।

संपादकीय बोर्ड :- मुहम्मद ताजुददीन (सीमापुरी) : 9953515236, ओम प्रकाश (पिलंजी) : 8750474496, मुहम्मद कासिम (गाजीपुर) : 9716843646, ओम प्रकाश भोपुरा : 8800517954, रफीक (लोनी)

पता :- यु.एस.एफ. पियुट्री, स्कूल ब्लाक, मंडावली, दिल्ली -110092
फोन :-9810225423 ई-मेल :- safai.sena@gmail.com
वेबसाइट :-www.safaisena.net फेसबुक :-www.facebook.com/safaisena

सफ़ाई सेना